an>

Title: Need to extend Shivganga Express up to Singrauli via Robertsganj and Prayagraj express upto Daltonganj.

श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) ः उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में मात्र एक संसदीय क्षेत्र ऐसा है जहां चार प्रदेशों- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड तथा बिहार के बॉर्डर लगते हैं। मेरे ही संसदीय क्षेत्र में राबर्ट्सगंज, चोपन, ओबरा, रेणुकूट आदि रेलवे स्टेशन हैं। इन स्टेशनों से कई मेल एक्सप्रेस गाड़ियां गुजरती हैं। मगर किसी भी ट्रेन का ठहराव इन स्टेशनों पर नहीं है जिसके कारण वहां के आस-पास के गांवों एवं शहरों के लाखें लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रयागराज एक्सप्रेस एवं शिवगंगा एक्सप्रेस इलाहाबाद एवं वाराणसी तक जाती हैं। शिवगंगा एक्सप्रेस को वाराणसी से बढ़ाकर राबर्ट्सगंज तथा सभी स्टेशनों से होते हुए सिंगरौली तक किया जाए तथा प्रयागराज एक्सप्रेस को राबर्ट्सगंज, चोपन, ओबरा, रेणुकूट, शक्तिनगर, विंध्यमगंज होते हुए गढ़वा तथा डाल्टनगंज तक चलाने से वहां की आम जनता के लिए बहुत अच्छी सुविधा हो जाएगी। वाराणसी से एक लोकल पैसेंजर ट्रेन सोनभद्र के सभी स्टेशनों से होते हुए विंध्यमगंज तक चलाई जाए। यह बहुत गंभीर मामला है। सोनभद्र एक बहुत ही पिछड़ा इलाका है।

अतः मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।